C M Y K

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 22 | बिजौलिया - शुक्रवार,21 अगस्त,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## मीडिया एंट्री बैन पर विधानसभा के बाहर कांग्रेस का हंगामा

### जूली-डोटासरा-पायलट समेत कांग्रेस विधायक धरने पर बैठे, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग; पुलिस से धक्का-मुक्की, बैरिकेड्स पर चढ़े विधायक






**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राजस्थान विधानसभा के मानसून सत्र के पहले ही दिन गुरुवार को स्कूलों में मीडिया की एंट्री पर रोक के मुद्दे को लेकर सदन के बाहर सियासी माहौल गरमा गया। कांग्रेस विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के नेतृत्व में विधानसभा के बाहर धरना देकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट समेत कई वरिष्ठ नेता प्रदर्शन में शामिल हुए। कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए राज्य सरकार पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया।

**पोद्दार स्कूल से विधानसभा तक पैदल मार्च**

प्रदर्शन से पहले कांग्रेस विधायक सुबह पोद्दार मूक-बधिर स्कूल पहुंचे। स्कूल में मीडिया की एंट्री पर रोक के विरोध में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के नेतृत्व में विधायकों ने स्कूल से विधानसभा तक पैदल मार्च किया। कांग्रेस नेताओं ने इस मामले को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मीडिया की भूमिका से जोड़ते हुए सरकार पर सवाल उठाए।

**विधानसभा में प्रवेश को लेकर पुलिस से धक्का-मुक्की**

कांग्रेस विधायक जब विधानसभा की ओर बढ़े तो पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर उन्हें रोक दिया। इस दौरान कांग्रेस विधायकों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। प्रदर्शन के दौरान कुछ नेता बैरिकेड्स पर चढ़ गए।

विधायक अभिमन्यु पूनिया, घनश्याम मेहर और डीडी बैरवा विधानसभा के गेट पर भी चढ़ गए। इस दौरान गोविंद सिंह डोटासरा ने तीनों विधायकों को टोका और उन्हें नीचे उतरने के लिए कहा।

**11 बजे शुरू हुई सदन की कार्यवाही**

कांग्रेस विधायकों के विधानसभा के बाहर प्रदर्शन के बीच सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई। शुरुआत में दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सुबह 11 बजकर 22 मिनट पर सदन की कार्यवाही शुक्रवार सुबह तक के लिए स्थगित कर दी गई।

कार्यवाही स्थगित होने के बाद कांग्रेस विधायकों ने भी विधानसभा गेट के बाहर चल रहा अपना धरना समाप्त कर दिया।

**मानगढ़ धाम को लेकर BAP का प्रदर्शन**

विधानसभा के बाहर गुरुवार को आदिवासी क्षेत्र से जुड़े मुद्दे को लेकर भी प्रदर्शन देखने को मिला। मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देने की मांग को लेकर BAP विधायकों ने विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया। विधायकों ने मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान और दर्जा देने की मांग उठाई।

**धारीवाल बोले- दिल्ली ही हाईकमान**

वहीं कांग्रेस के पूर्व मंत्री शांति धारीवाल ने पार्टी के हाईकमान को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि दिल्ली का हाईकमान ही हाईकमान है। राजस्थान के संदर्भ में उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अशोक गहलोत को राजस्थान का हाईकमान मानती है। स्थानीय हाईकमान को लेकर कांग्रेस में विवाद के सवाल पर धारीवाल ने इससे इनकार किया।

## सायरन बजता रहा, सिस्टम सोता रहा! 20 मिनट तक एंबुलेंस में तड़पता रहा घायल, जिला अस्पताल के गेट पर नहीं मिला कोई सुध लेने वाला



मौके कर जमा भीड़

घायल मरीज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

कहने को तो महात्मा गांधी जिला अस्पताल जिले का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है। यहां रोजाना हजारों मरीज इलाज की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं, लेकिन अस्पताल की व्यवस्थाओं की हकीकत कई बार इसके बिल्कुल विपरीत नजर आती है। रामधाम चौराहे पर हादसे में घायल एक मरीज को लेकर पहुंची 108 एंबुलेंस करीब 20 मिनट तक अस्पताल के गेट के बाहर खड़ी रही। एंबुलेंस का सायरन लगातार बजता रहा, लेकिन घायल को लेने के लिए अस्पताल से कोई वार्ड बॉय या वार्ड लेडी नहीं पहुंची।

108 एंबुलेंस के पायलट प्रभु प्रजापत ने बताया कि गुरवार को रामधाम चौराहे पर एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही 108 मौके पर पहुंची। वहां घायल के साथ कोई अन्य व्यक्ति मौजूद नहीं था। इसके बाद घायल को लेकर एंबुलेंस महात्मा गांधी जिला अस्पताल पहुंची। करीब 1 बजे मरीज को अस्पताल के गेट पर लेकर पहुंचे, लेकिन 1:20 बजे तक भी कोई मरीज की सुध लेने कोई नहीं आया।

प्रजापत ने बताया कि इस दौरान एंबुलेंस का सायरन लगातार बजता रहा। इसके बावजूद अस्पताल की ओर से मरीज को लेने के लिए कोई कर्मचारी नहीं आया। वार्ड बॉय और वार्ड लेडी से मरीज को अंदर ले जाने के लिए कहा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि अस्पताल में इमरजेंसी मुख्य द्वार पर केवल दो ही स्ट्रेचर हैं और दोनों ही उपलब्ध नहीं हैं।

**20 मिनट तक बजता रहा सायरन, फिर भी नहीं खुली जिम्मेदारों की आंख**

प्रत्यक्षदर्शी मोहन सिंह ने बताया कि 108 एंबुलेंस अस्पताल के गेट के बाहर आकर खड़ी हुई थी और उसका सायरन लगातार बज रहा था। करीब 20 मिनट तक एंबुलेंस खड़ी रही, लेकिन मरीज को लेने के लिए अस्पताल से न कोई वार्ड बॉय आया और न ही वार्ड लेडी।

अन्य प्रत्यक्षदर्शी कैलाश बेरवा ने बताया कि एंबुलेंस का सायरन काफी देर से सुनाई दे रहा था। आवाज सुनकर हम लोग भी अस्पताल से बाहर आए। मरीज करीब 20 मिनट तक एंबुलेंस में तड़पता रहा, लेकिन उसे लेने के लिए अस्पताल से कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा।

**गंभीर मरीज होता तो कौन लेता जिम्मेदारी?**

यह घटना जिला अस्पताल की आपातकालीन व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करती है। सड़क हादसे में घायल मरीज को अस्पताल पहुंचने के बाद भी यदि उसे समय पर अंदर ले जाने के लिए स्ट्रेचर और कर्मचारी नहीं मिलें तो गंभीर मरीजों की सुरक्षा का क्या होगा?

अगर घायल की हालत गंभीर होती और उसे तत्काल उपचार की जरूरत होती, तो 20 मिनट की यह देरी उसकी जान पर भारी पड़ सकती थी। सवाल यह भी है कि जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में आपातकालीन मरीजों के लिए पर्याप्त स्ट्रेचर और तत्काल सहायता की व्यवस्था क्यों नहीं है? आमजन का कहना है कि अस्पताल में रोजाना हजारों मरीज इलाज के लिए आते हैं। ऐसे में केवल डॉक्टर और दवाइयां ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि मरीज को एंबुलेंस से अस्पताल के अंदर पहुंचाने जैसी बुनियादी व्यवस्था भी मजबूत होनी चाहिए।

## भाजपा के टिकट फॉर्म में दावेदारी के साथ 'दावेदारों' का भी हिसाब

### पार्षद बनने की चाह रखने वालों से मांगे जाएंगे वार्ड के तीन अन्य पसंदीदा नाम, मुकदमों से लेकर नगरपालिका के बकाये तक की देनी होगी जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

निकाय चुनाव में पार्षद का टिकट हासिल करने की दौड़ में शामिल भाजपा नेताओं के लिए इस बार सिर्फ अपनी दावेदारी पेश करना पर्याप्त नहीं होगा। पार्टी ने टिकट आवेदन प्रक्रिया को अधिक विस्तृत बनाते हुए आवेदकों से उनकी व्यक्तिगत, राजनीतिक और संगठनात्मक पृष्ठभूमि के साथ-साथ वार्ड के तीन अन्य संभावित दावेदारों के नाम भी मांगे हैं। आवेदन में आपराधिक मुकदमों, वार्ड में निवास, मतदाता पहचान-पत्र, संगठन में सक्रियता और निकाय से जुड़े बकाये जैसी जानकारियां भी दर्ज करनी होंगी। यानी टिकट की दावेदारी के साथ आवेदक को यह भी बताना होगा कि उसी वार्ड में वह किन तीन कार्यकर्ताओं को टिकट के योग्य मानता है।

भाजपा की ओर से तैयार किए गए आवेदन-पत्र में इस बार कई जानकारियों को औपचारिक रूप से शामिल किया गया है। पार्टी का जोर केवल चुनाव जीतने की क्षमता पर नहीं, बल्कि उम्मीदवार की संगठनात्मक सक्रियता, स्थानीय पहचान और उसकी सार्वजनिक छवि की पड़ताल पर भी नजर आ रहा है।

**खुद के साथ तीन और नाम बताने होंगे**

आवेदन-पत्र में एक ऐसा कॉलम रखा गया है, जिसमें टिकट मांगने वाले कार्यकर्ता को अपने अलावा उसी वार्ड के तीन अन्य लोगों के नाम बताने होंगे, जिन्हें वह पार्षद पद के लिए योग्य समझता है। इन नामों को वरीयता के क्रम में दर्ज करना होगा।

प्रदेश मंत्री एकता अग्रवाल के अनुसार पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका संगठन और कार्यकर्ता है। इसी सोच के तहत आवेदन में यह जानकारी मांगी गई है कि टिकट का इच्छुक कार्यकर्ता अपने अलावा किन लोगों को जनता और संगठन की सेवा के लिए



उपयुक्त मानता है। इससे पार्टी को एक वार्ड में मौजूद संभावित दावेदारों और स्थानीय संगठन की स्थिति का भी आकलन करने में मदद मिलेगी।

**मुकदमा है तो छिपाना मुश्किल**

टिकट आवेदन में आपराधिक मामलों को लेकर भी इस बार जानकारी अधिक स्पष्ट तरीके से मांगी गई है। यदि आवेदक के खिलाफ वर्तमान में कोई मुकदमा दर्ज है या पूर्व में कोई मामला दर्ज रहा है तो उसका विवरण देना होगा।

आवेदक को एफआईआर नंबर, संबंधित पुलिस थाना, अपराध की धाराएं, न्यायालय का नाम और आरोप की तारीख जैसी जानकारी लिखित रूप से देनी होगी। पार्टी पहले भी दावेदारों से आपराधिक मामलों को लेकर जानकारी लेती रही है, लेकिन इस बार इसे आवेदन-पत्र में बाकायदा दर्ज किया गया है।

**जिस वार्ड से टिकट, वहां का मतदाता होना जरूरी**

भाजपा ने वार्ड में स्थायी निवास को लेकर भी आवेदन प्रक्रिया में बदलाव किया है। पार्षद पद के लिए जिस वार्ड से टिकट मांगा जा रहा है, आवेदक को यह बताना होगा कि वह उस वार्ड का स्थायी निवासी है या नहीं।

इसके सत्यापन के लिए इस बार मतदाता पहचान-पत्र अथवा मतदाता सूची का क्रमांक मांगा गया है। पार्टी का मानना है कि इससे आवेदक के वार्ड से वास्तविक जुड़ाव की पुष्टि की जा सकेगी।

**सिर्फ आधार का पता पर्याप्त नहीं**

अब तक कई मामलों में वार्ड का निवासी होने के प्रमाण के तौर पर आधार कार्ड में दर्ज पता सामने आता रहा है। ऐसे में कुछ दावेदार टिकट की तैयारी के दौरान आधार में पता बदलवाकर वार्ड से जुड़ाव दर्शाने की कोशिश करते थे।

इस बार पार्टी ने मतदाता पहचान-पत्र और मतदाता सूची से जुड़ी जानकारी को आवेदन का हिस्सा बनाकर स्थानीय निवास की पड़ताल का रास्ता अधिक स्पष्ट कर दिया है।

**विशेष परिस्थिति में दूसरे वार्ड से भी मौका**

जयपुर नगर निगम के प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल का कहना है कि सामान्य तौर पर पार्टी की नीति यही रहती है कि उम्मीदवार जिस वार्ड से टिकट मांग रहा है, वह उसी वार्ड का निवासी हो। हालांकि, विशेष परिस्थितियों में संगठन यदि किसी कार्यकर्ता को दूसरे वार्ड में अधिक उपयोगी मानता है तो वहां से भी टिकट देने का निर्णय लिया जा सकता है। इसका मतलब यह है कि वार्ड से जुड़ाव को प्राथमिकता जरूर दी गई है, लेकिन संगठनात्मक जरूरत के अनुसार पार्टी के पास अपवाद की गुंजाइश भी रहेगी।

**संगठन में सक्रियता का भी देना होगा पूरा ब्योरा**

टिकट के इच्छुक नेताओं को यह भी बताना होगा कि वे भाजपा के प्राथमिक सदस्य कब से हैं। इसके साथ सक्रिय सदस्यता क्रमांक भी आवेदन में दर्ज करना होगा।

संगठन में वर्तमान और पूर्व में निभाई गई जिम्मेदारियों का विवरण भी मांगा गया है। यदि आवेदक ने इससे पहले कोई चुनाव लड़ा है तो उस चुनाव से संबंधित पूरी जानकारी भी आवेदन में देनी होगी।

**नगर निकाय का बकाया भी जांच के दायरे में**

टिकट की दावेदारी करने वाले नेताओं को यह भी स्पष्ट करना होगा कि नगर निगम, नगर परिषद या नगर पालिका से संबंधित उनके ऊपर कोई बकाया तो नहीं है। इस जानकारी को भी आवेदन में दर्ज किया जाना है।

ऐसे में भाजपा का टिकट फॉर्म इस बार केवल आवेदन-पत्र नहीं, बल्कि दावेदार की राजनीतिक पृष्ठभूमि, संगठन में सक्रियता, स्थानीय पकड़, कानूनी स्थिति और वार्ड में स्वीकार्यता की पड़ताल का जरिया बनता नजर आ रहा है।

निकाय चुनाव की तैयारियों के बीच पार्टी की यह प्रक्रिया टिकट वितरण से पहले संभावित उम्मीदवारों की बहुआयामी छंटनी के रूप में देखी जा रही है। खास बात यह है कि इस बार टिकट मांगने वाले को खुद का दावा मजबूत करने के साथ-साथ अपने वार्ड के तीन अन्य संभावित चेहरों की राय भी पार्टी के सामने रखनी होगी।

## अवैध बजरी परिवहन पर पुलिस की कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

### सूठेपा गांव में दबोचा वाहन, बजरी माफियाओं में हड़कंप

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास।**

अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के खिलाफ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सूठेपा गांव में बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है। पुलिस की कार्रवाई से अवैध बजरी परिवहन से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया।

पुलिस के अनुसार 20 अगस्त को थाना टीम ने सूठेपा गांव में जांच के दौरान अवैध रूप से बजरी का परिवहन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा।



पुलिस ने वाहन को जब्त कर संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। कार्रवाई में हेड कांस्टेबल सांवलदान, कांस्टेबल पंकज एवं कांस्टेबल दिनेश कुमार शामिल रहे।

## खेत में चारा काटते समय निकला 9 फीट लंबा अजगर, मची अफरा-तफरी



**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।**

कस्बे के पास टीला का खेड़ा में किसान के खेत में चारा काटते समय करीब 9 फीट लंबा अजगर निकलने से हड़कंप मच गया। खेत में काम कर रही महिलाओं ने अजगर को देखा तो अफरा-तफरी मच गई। किसान भेरूजी गुर्जर ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू किया।

वनपाल चंद्रपाल सिंह राणावत के निर्देश पर वनरक्षक दिनेश कुमार रेगर और नागरिक सुरक्षा विभाग के स्वयंसेवक व वन्यजीव रक्षक नारायण लाल बैरवा मौके पर पहुंचे। अजगर चारे के बीच छिपा हुआ था। टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से सावधानीपूर्वक उसे बाहर निकाला और सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।

C M Y K

## भाजपा ने निगम व नगरपालिका चुनाव में दावेदारों से आवेदन लेने के लिए घोषित किए प्रभारी, संयोजक व समन्वयक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिले की नगर निगम और 10 नगर पालिकाओं में होने वाले आगामी निकाय चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी रणनीतिक तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में नगर निगम व नगरपालिका चुनाव में वार्ड अनुसार रायशुमारी एवं दावेदारों से आवेदन लेने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने प्रभारी, संयोजक एवं समन्वयकों की घोषणा की है।जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने नगर निगम के 70 वार्डों में प्रभारी एवं संयोजको की घोषणा की है। और साथ ही 10 पालिकाओ के लिए समन्वयक एवं पालक नियुक्त किए गए है। नगर निगम के प्रत्येक वार्ड के लिए नियुक्त प्रभारी एवं संयोजक अगले दो दिनों में अपने अपने तय वार्ड में पहुंचकर दावेदारों से निश्चित प्रारूप में आवेदन प्राप्त करेंगे और क्षेत्र के प्रमुख लोगों से रायशुमारी कर रिपोर्ट जिला संगठन को सौंपेंगे।

इसी प्रकार प्रत्येक पालिका स्तर पर नियुक्त समन्वयक एवं पालक आगामी दो दिनों में संबंधित पालिका के सभी इच्छुक दावेदारों से निश्चित प्रारूप में आवेदन प्राप्त करने के साथ ही संपूर्ण पालिका क्षेत्र के प्रमुख लोगों से रायशुमारी कर जिला संगठन को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

भाजपा ने निकाय चुनावों को लेकर अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। निगम सहित समस्त पालिका क्षेत्रों में संगठन बैठक के साथ ही कार्यकर्ता सम्मेलनों की तैयारियां जारी है। इससे पूर्व भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री भी भीलवाड़ा का दौरा कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ले चुके हैं।

## चाकू की नोक पर महिला से आभूषण लूटे, आधी रात घर में घुसे बदमाश

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।

थाना क्षेत्र के थलखुर्द गांव में बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात बदमाशों ने एक घर में घुसकर महिला से चाकू की नोक पर सोने के आभूषण लूट लिए। वारदात के बाद बदमाश नकदी लेकर भी फरार हो गए। घटना से गांव में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार विधवा रूपा देवी गुर्जर के दोनों बेटे घटना के समय घर से बाहर थे। घर में रूपा देवी और उनकी पुत्रवधू प्रेम देवी गुर्जर अलग-अलग कमरों में सो रही थीं। रात करीब 1 से 2 बजे के बीच बदमाश घर में घुसे और प्रेम देवी के कमरे में पहुंच गए। आरोप है कि बदमाशों ने उनका मुंह बंद कर चाकू दिखाया और जान



से मारने की धमकी देकर गले में पहनी करीब 12 ग्राम सोने की रामनामी तथा कानों के सोने के टॉप्स उतरवा लिए।

इसके बाद बदमाश दूसरे कमरे में पहुंचकर वहां रखी नकदी भी ले गए। प्रेम देवी के रोने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण जाग गए और मौके की ओर दौड़े, लेकिन तब तक बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो चुके थे।

### सूचना मिलते ही रात में पहुंची पुलिस

घटना की सूचना करीब 3 बजे काछोला पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थानाधिकारी बालकिशन शर्मा पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और करीब 3:30 बजे घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी लेकर संभावित सुराग जुटाने के निर्देश दिए। थानाधिकारी ने पीड़ितों की रिपोर्ट मौके पर ही प्राप्त कर जांच शुरू करवाई। पुलिस टीम बदमाशों के आने-जाने के रास्तों, आसपास के क्षेत्र और अन्य संभावित सुरागों की जांच कर रही है। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के साथ लूटे गए आभूषण व नकदी की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने वारदात का जल्द खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने तथा गांव में रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने की मांग की है। पुलिस ने भी मामले में शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

## चुनावी तैयारियों को लेकर कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक, कार्यकर्ताओं को एकजुटता का संदेश




भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

**शुभम जैन।** पंचायत एवं नगर निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस ने संगठनात्मक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गुरुवार को बिजोलिया में कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी चुनावों को लेकर पार्टी की रणनीति, संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की भूमिका को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री रामलाल जाट मुख्य अतिथि रहे। विधानसभा प्रभारी प्रमोद फागना की मौजूदगी में आयोजित बैठक में पूर्व विधायक प्रदीप कुमार सिंह, शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे नरेंद्र रेगर, प्रभारी प्रद्युम्न सिंह, पूर्व प्रधान जितेंद्र मूंदड़ा , नगर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल राव , ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष संजय मालवीय , पूर्व सरपंच विजय तिवारी , शक्तिनारायण शर्मा , सत्यनारायण मेवाडा , नरेश मीणा सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंच संचालन कमलेश सेन ने किया।

बैठक में आगामी पंचायत एवं नगर निकाय चुनावों को लेकर संगठन को बूथ एवं वार्ड स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा स्थानीय स्तर पर पार्टी की गतिविधियों को प्रभावी बनाने पर चर्चा हुई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आपसी तालमेल के साथ संगठन को मजबूत करने और चुनावी तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती भी मनाई गई। कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने देश के विकास और आधुनिक भारत के निर्माण में उनके योगदान को याद किया।

बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आगामी चुनावों को लेकर उत्साह दिखाई दिया। संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखने को लेकर भी चर्चा हुई।

## खून से लिखा पत्र, 'मेडम हमारी सेवाएं बहाल करो': मेडिकल कॉलेज में तीसरे दिन भी धरने पर डटे नर्सिंगकर्मी, लिखित आदेश तक आंदोलन की चेतावनी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

**पुनित चपलोत**

राजमाता विजयाराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज में भर्ती आदेश निरस्त किए जाने के विरोध में नर्सिंगकर्मियों का आंदोलन तीसरे दिन भी जारी रहा। गुरुवार को आक्रोशित नर्सिंगकर्मियों ने कॉलेज की प्राचार्य के नाम अपने ही खून से पत्र लिखकर सेवा बहाली की गुहार लगाई। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक सेवा बहाली का लिखित आदेश जारी नहीं होता, उनका धरना जारी रहेगा। दरअसल, मेडिकल कॉलेज में सरकार की ओर से 144 नए पद स्वीकृत किए जाने के बाद पूर्व में कार्यरत प्लेसमेंट एजेंसी के 48 संविदा कर्मियों को हटा दिया गया था। बाद में 109 अभ्यर्थियों के



उपस्थित होने के बाद शेष रिक्त पदों पर पूर्व में हटाए गए 48 कार्मिकों में से आवश्यकतानुसार प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया। स्थानीय विधायक और कॉलेज प्राचार्य के स्तर पर 35 पात्र संविदाकर्मियों की सूची तैयार कर प्लेसमेंट एजेंसी को सौंपी गई तथा 30 पदों पर नियुक्ति के निर्देश दिए गए। आरोप है कि ठेकेदार ने 30 में से केवल 17 पुराने कार्मिकों को नियुक्त किया, जबकि 13 पदों पर नए युवाओं को शामिल कर लिया। इसके बाद विधायक के हस्तक्षेप से कॉलेज प्रशासन ने भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी मानते हुए जॉइनिंग से ठीक पहले 14 अगस्त को भर्ती आदेश निरस्त कर दिया। आदेश निरस्त होने के बाद से नर्सिंगकर्मी कॉलेज परिसर में खुले आसमान के नीचे धरने पर बैठे हैं। आंदोलनकारियों का कहना है कि वे रातभर कॉलेज गेट पर गुजार रहे हैं, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई। पिछले दो माह से रोजगार नहीं होने के कारण उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इधर, प्लेसमेंट एजेंसी मेसर्स मेवाड़ सिक्योरिटी सर्विसेज, उदयपुर के ठेकेदार हिमांशुल माथुर का तर्क है कि नए युवाओं को अवसर इसलिए दिया गया, क्योंकि पुराने कर्मचारियों को बोनस अंक मिल चुके हैं।

गुरुवार को खून से पत्र लिखकर नर्सिंगकर्मियों ने प्रशासन के सामने अपना विरोध दर्ज कराया। आंदोलनकारियों ने दो-टूक कहा कि सेवा बहाली का लिखित आदेश मिलने तक धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और उग्र करने की चेतावनी भी दी गई है।

## निकाय चुनाव : प्रत्याशी 3.50 लाख से ज्यादा खर्च नहीं कर सकेंगे

### नगर पालिका सदस्य के लिए खर्च सीमा 1.50 लाख रुपए, राजनीतिक दलों की बैठक में दी चुनावी दिशा-निर्देशों की जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

नगरपालिका आम चुनाव-2026 का कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही संबंधित क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों और अभ्यर्थियों को चुनाव कार्यक्रम के साथ आदर्श आचार संहिता की पालना के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव प्रचार से जुड़ी सभाओं, रैलियों,



जुलूसों, वाहनों, लाउडस्पीकर और अन्य प्रचार माध्यमों के लिए संबंधित सक्षम अधिकारी से पूर्व अनुमति लेना जरूरी होगा।

### मतदान केंद्रों पर प्रवेश के नियम

निर्वाचन दिवस पर मतदान केंद्रों में केवल निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत व्यक्तियों को ही निर्धारित नियमों के अनुसार प्रवेश मिलेगा। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदान केंद्र से संबंधित नियमों की जानकारी भी दी गई।

### चुनावी खर्च का रखना होगा हिसाब

बैठक में अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय की सीमा और खर्च का लेखा-जोखा रखने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। नगर निगम पार्षद के लिए अधिकतम चुनाव खर्च सीमा 3.50 लाख रुपए तथा नगर पालिका सदस्य के लिए 1.50 लाख रुपए निर्धारित होने की जानकारी दी गई। वाहनों, लाउडस्पीकर, पोस्टर, बैनर, होर्डिंग और कटआउट सहित प्रचार सामग्री पर होने वाले खर्च को भी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार दर्ज करना होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से निर्वाचन नियमों और आचार संहिता की गंभीरता से पालना करते हुए प्रशासन को सहयोग करने का आह्वान किया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. हरितिमा सहित भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, बसपा, आरएलपी और माकपा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सड़क पर बिखरी गिट्टी से बाइक का बिगड़ा संतुलन, हादसे में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा / बिजोलिया ।

**गर्वित।** नगर से निकल रहे कोटा-उदयपुर हा॥-27 पर सड़क पर बिखरी गिट्टी और कंक्रीट के कारण बाइक का संतुलन बिगड़ने से घायल हुई 57 वर्षीय महिला ने कोटा के न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। महिला अपने बेटे के साथ जोगणिया माता के दर्शन करने जा रही थी। हादसे में सिर पर गंभीर चोट लगने के बाद उसे नगर स्थित अस्पताल से कोटा रेफर किया गया था।

हेड कॉन्स्टेबल जुगराज ने बताया कि हादसा 16 अगस्त को केसरगंज कट के पास हुआ था। नया गांव रोझड़ी निवासी शीला बाई (57) अपने बेटे अक्षय महावर के साथ बाइक से जोगणिया माता के दर्शन के लिए जा रही थीं। इसी दौरान सड़क पर पड़ी गिट्टी और कंक्रीट के कारण बाइक का संतुलन बिगड़ गया और शीला बाई चलती बाइक से नीचे गिर गईं।

हादसे में शीला बाई के सिर में गंभीर चोट लगी और हाथ-पैर में भी चोटें आईं। उन्हें तत्काल बिजोलिया अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें कोटा के न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रेफर कर दिया। यहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

परिजनों के अनुसार, शीला बाई के बेटे अक्षय की करीब दो साल पहले शादी हुई थी। शादी के कुछ समय बाद पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया और तलाक का मामला कोर्ट में चल रहा था। केस का फैसला आने के बाद शीला बाई ने जोगणिया माता के दर्शन करने की मन्नत ली थी। मन्नत के तहत उन्हें सात रविवार तक जोगणिया माता के दर्शन करने थे। 16 अगस्त को पांचवें रविवार की मन्नत पूरी करने के लिए वह बेटे के साथ बाइक पर दर्शन के लिए निकली थीं। इसी दौरान केसरगंज कट के पास सड़क पर बिखरी गिट्टी और कंक्रीट के चलते बाइक असंतुलित हो गई और वह सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गईं।



पुलिस ने बताया कि उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। परिजनों की शिकायत के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## वरिष्ठ पत्रकार संजय लढ़ा ने हासिल की पीएच.डी.

### प्रबंधन विषय में शोध, एमजेएमसी में रहे गोल्ड मेडलिस्ट

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**मूलचंद पेसवानी।** पत्रकारिता के क्षेत्र में दो दशक से अधिक समय से सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार संजय लढ़ा ने संगम विश्वविद्यालय से प्रबंधन विषय में पीएच.डी. की उपाधि हासिल की है। विश्वविद्यालय की ओर से उन्हें प्रोविजनल डिग्री प्रदान की गई।



लढ़ा का शोध विषय 'समाचार पत्र उद्योग : प्रबंधकीय अध्ययन राजस्थान के विशेष संदर्भ में' रहा। शोध कार्य उन्होंने संगम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) करुणेश सक्सेना के मार्गदर्शन में पूरा किया, जबकि अंतिम परीक्षा जोधपुर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी.के. शर्मा ने ली।

उन्होंने 1990 में बी.कॉम., 2004 में एमबीए तथा 2007 में बीजेएमसी और एमजेएमसी की शिक्षा प्राप्त की। एमजेएमसी में वे गोल्ड मेडलिस्ट रहे और तत्कालीन राज्यपाल एस.के. सिंह के हाथों स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

संजय लढ़ा ने 2007 में दूरदर्शन से पत्रकारिता की शुरुआत की। इसके बाद एनडीटीवी, टीवी9 भारतवर्ष और न्यूज24 से जुड़े रहे। वर्ष 2021 से वे प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआई) से जुड़े हुए हैं।

पीएच.डी. की उपलब्धि पर पत्रकारिता, शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाई दी। डॉ. लढ़ा ने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों, गुरुजनों, सहकर्मियों एवं शुभचिंतकों को दिया।



QUICK BITES

## कांवड़ के जल से हुआ अमरतिया में झुपडिया महादेव का किया जलाभिषेक

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



( सांवर वैष्णव ):- सवाईपुर क्षेत्र के अमरतिया गांव में झुपडिया महादेव मंदिर पर गुरुवार को त्रिवेणी संगम से कांवड़ में लाये जल से जलाभिषेक किया गया, सवाईपुर कस्बे में कावड़ यात्रा का स्वागत किया गया । कांवड़िए दुर्गा सिंह पुरावत ने बताया कि अमरतिया गांव में ग्रामीणों के द्वारा गुरुवार को विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें गुरुवार को सुबह 10:15 बजे त्रिवेणी संगम से कांवड़ में जल भरकर रवाना हुए, जो बिगोद, कुड़ी, सवाईपुर, ड़साणिया का खेड़ा, सोपुरा होते हुए अमरतिया गांव पहुंची, जहा शाम को झुपडिया महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर मंत्रोच्चार के साथ त्रिवेणी संगम कावड़ के जल से भोलेनाथ का जलाभिषेक किया किया गया । सवाईपुर कस्बे में जितेंद्र सुवालका के द्वारा कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत स्वागत किया गया और चाय नाश्ता की व्यवस्था की । इस दौरान कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए ।।

## दो माह से खराब पड़े पनघट, वार्डवासियों को पेयजल के लिए परेशानी

**शिकायत के बावजूद नहीं हुई मरम्मत, नगर पालिका से शीघ्र समाधान की मांग**

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।



नगर पालिका गंगापुर के वार्ड संख्या 6 में सराय स्कूल के पास और सिनेमा वाली गली में स्थित दोनों पनघट करीब दो माह से खराब पड़े हैं। पेयजल सुविधा प्रभावित होने से स्थानीय नागरिकों, विशेषकर महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासी रामप्रसाद माली ने बताया कि दोनों पनघट खराब होने की शिकायत करीब दो माह पहले नगर पालिका के शिकायत रजिस्टर में दर्ज कराई गई थी, लेकिन अब तक मरम्मत नहीं होने से समस्या बनी हुई है।

गुरुवार को स्थानीय निवासी विद्याधर जायसवाल एवं रामप्रसाद माली नगर पालिका पहुंचे और पनघट प्रभारी को लिखित शिकायत देकर दोनों पनघटों को शीघ्र दुरुस्त करवाने की मांग की।

स्थानीय नागरिकों ने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा से जुड़ी समस्या का लंबे समय तक समाधान नहीं होना चिंताजनक है। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से दोनों पनघटों की तत्काल मरम्मत करवाकर उन्हें चालू करने की मांग की। साथ ही शीघ्र समाधान नहीं होने पर उच्च अधिकारियों के समक्ष मामला उठाने की बात कही।






# महेशपुरा में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन आज

**जित्या खेड़ी व बड़ा महुआ में होगा फाइनल**

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



( सांवर वैष्णव ):- सवाईपुर क्षेत्र के महेशपुरा गांव के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित 70 वीं ब्लॉक स्तरीय ( 14 वर्ष छात्र ) खेलकूद प्रतियोगिता के दुसरे दिन कबड्डी, खो-खो व वॉलीबॉल के रोमांचक मुकाबले खेले गए, प्रतियोगिता का समापन आज होगा । जिसमें कई मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे । अध्यापक गोविंद राम व्यास ने बताया कि महेशपुरा विद्यालय में 70 वीं सुवाणा ब्लॉक स्तरीय ( 14 वर्ष छात्र ) खेलकूद प्रतियोगिता 2026 का उद्घाटन आज बुधवार को हुआ । दुसरे दिन गुरुवार को कबड्डी में पहला सेमीफाइनल मुकाबला जित्या खेड़ी बनाम अगरपुरा के बीच खेला गया, जिसमें जित्या खेडी विजेता रही । दुसरा सेमीफाइनल मुकाबला जवासिया खेड़ा बनाम बड़ा महुआ के बीच खेला गया, जिसमें बड़ा महुआ टीम विजेता रही । फाइनल मुकाबले शुक्रवार को जित्या खेड़ी बनाम बड़ा महुआ के बीच होगा । खो-खो में पहला सेमीफाइनल मुकाबला केसरपुरा बनाम खैराबाद के बीच खेला गया, जिसमें खैराबाद विजेता रही । वही दुसरा सेमीफाइनल मुकाबला खायड़ा बनाम आटूण के बीच खेला गया, जिसमें खायड़ा की टीम विजेता रही । फाइल मुकाबला खैराबाद बनाम खायड़ा के बीच खेला, जिसमें खैराबाद ने खिताब अपने नाम किया ।

वही वॉलीबॉल में तीन टीम आने के चलते एक टीम सीधी फाइनल में पहुंच गई,? फिर एकमात्र सेमीफाइनल डोली खेड़ा बनाम सुवाणा के बीच खेला गया, इसमें सुवाणा विजेता रही । वही फाइनल मुकाबला सुवाणा बनाम मंडपिया चारण के बीच खेला गया, जिसमें सुवाणा की टीम फाइनल का खिताब अपने नाम करते हुए विजेता बनी ।।

# हनुमान मंदिर पंचशीला पूजन के साथ नींव मुहूर्त सम्पन्न

**श्रावण मास के उपलक्ष में वेद विद्यालय के बटुकों को भोज**





भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

श्री बाण माता शक्तिपीठ के यहां हनुमान मंदिर नवनिर्माण के लिए पंचशिला पूजन कर आधारशिला गुरुवार को रखी गई। साथ ही वेदविद्यालय के बटुकों को श्रावण मास के उपलक्ष में भोज करवाया गया । श्री बाणमाता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान के तत्वाधान में मेला ग्राउंड से नवीन निर्मित सीढ़ियों के पास हनुमान मंदिर के नवनिर्माण हेतु पंडित बनवारी शर्मा, भेरू शर्मा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंचशिला पूजन किया गया। इसके पश्चात मंदिर आधारशिला रखी गई। ठेकेदार रामचंद्र, कारीगर लादू लाल ने निर्माण सामग्री पूजन के साथ निर्माण प्रारंभ किया। श्रावण मास के उपलक्ष में भामाशाहों के सहयोग से मेंढ़केश्वर महादेव के महंत नंदकिशोर दास के सानिध्य में वैद विद्यालय बरूंदनी के करीब 300 बटुकों द्वारा श्री बाणमाता शक्तिपीठ मंदिर में विशेष पाठ करवा भोज करवा दक्षिणा प्रदान की गई।

कार्यक्रम में अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल धाकड़, उपाध्यक्ष अमरनाथ योगी, महामंत्री अमित जोशी, गोपाल जाट, रमेश धाकड़, शंभू सिंह गहलोत, बालू सिंह, धर्मचंद जेन, भगवत सिंह, खान्ना धाकड़, प्रदीप पोरवाल, शंभू सिंह, हजारी लाल खटीक, कैलाश चंद साहू, सत्यनारायण गुर्जर सहित संस्थान पदाधिकारी, सदस्यगण मौजूद थे।

# पंचायतीराज चुनाव से पहले शेरपुरा में कांग्रेस मंडल की बैठक, संगठन की मजबूती और एकजुटता पर जोर

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।



पंचायतीराज चुनाव को लेकर कांग्रेस ने ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन को सक्रिय करने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत बाकरा के शेरपुरा गांव स्थित नाहर सिंह जी माता मंदिर परिसर में शक्करगढ़ कांग्रेस मंडल से जुड़ी पंचायतों के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

बैठक में तत्कालीन प्रधान सीता देवी गुर्जर ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की एकजुटता ही चुनाव में सफलता का आधार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेदों को बातचीत के माध्यम से दूर कर संगठन को मजबूत करने की अपील की।

सीता देवी गुर्जर ने कहा कि पार्टी के भीतर की बात पहले संगठन और कार्यकर्ताओं के बीच बैठकर सुलझाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे संगठन का होता है। टिकट किसी एक कार्यकर्ता को मिलेगा, लेकिन जीत पूरी कांग्रेस की होगी। ऐसे में सभी कार्यकर्ताओं को व्यक्तिगत मतभेदों से ऊपर उठकर पार्टी के साथ मजबूती से खड़ा रहना होगा।

### भाजपा पर साधा निशाना

बैठक के दौरान सीता देवी गुर्जर ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता में आने के बाद भाजपा ने चुने हुए जनप्रतिनिधियों को हटाने का काम किया, लेकिन जनता के दिल से कांग्रेस को नहीं हटाया जा सकता। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को कांग्रेस सरकार के कार्य और जनकल्याणकारी योजनाएं आज भी याद हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से किसान, मजदूर, महिला, युवा और गरीब वर्ग से जुड़े मुद्दों को लेकर जनता के बीच पहुंचने तथा कांग्रेस की विचारधारा और नीतियों को मजबूती से रखने का आह्वान किया।

### गांव-गांव पहुंचने का आह्वान

सीता देवी ने कहा कि आगामी पंचायतीराज चुनाव को लेकर प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के साथ गांव-गांव जाकर आमजन से संपर्क बढ़ाने पर जोर दिया गया।

बैठक में कांग्रेस मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सेन, अनिल उपाध्याय, बाबूलाल खटीक, मीरा देवी मीणा, वीरेंद्र मीणा, भेरूलाल जोशी, लालाराम गुर्जर, परमेश्वर बलाई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# निकाय चुनाव में बिना अनुमति लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर रोक

**रात 10 से सुबह 6 बजे तक पूर्ण प्रतिबंध, दिन में भी अनुमति लेना अनिवार्य**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने नगर निगम भीलवाड़ा सहित जिले की विभिन्न नगर पालिकाओं में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को लेकर आदेश जारी किया है। आदेश का उद्देश्य चुनाव आचार संहिता की पालना, विद्यार्थियों के अध्ययन और जनहित को ध्यान में रखते हुए ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण रखना है।

आदेश के अनुसार रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर या किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। वहीं सुबह 6 से रात 10 बजे तक राजनीतिक गतिविधियों, चुनाव प्रचार-प्रसार, मतार्थन एवं अन्य कार्यों के लिए भी बिना अनुमति ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। राजनीतिक दल, प्रत्याशी, कार्यकर्ता और समर्थक सक्षम अधिकारी से पूर्व लिखित अनुमति लेने के बाद ही निर्धारित अवधि में लाउडस्पीकर का इस्तेमाल कर सकेंगे। बिना अनुमति किसी वाहन पर लाउडस्पीकर लगाकर प्रचार करना प्रतिबंधित रहेगा।

### वाहन पर परमिट प्रदर्शित करना जरूरी

लाउडस्पीकर लगे वाहन की अनुमति के लिए आवेदन में वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर, वाहन का प्रकार तथा प्रत्याशी या राजनीतिक दल का नाम दर्ज करना होगा। स्वीकृति मिलने के बाद लिखित अनुमति या परमिट को संबंधित वाहन पर प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। अनुमति मिलने के बावजूद ध्वनि निर्धारित मानकों से अधिक नहीं होनी चाहिए।

जुलूस, सार्वजनिक सभा या वाहन से चुनाव प्रचार के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग के लिए संबंधित उपखंड मजिस्ट्रेट से लिखित अनुमति लेना आवश्यक होगा।

### उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

आदेश का उल्लंघन करने पर वाहन स्वामी, चालक, ध्वनि विस्तारक यंत्र के मालिक, संचालक या अन्य जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1963 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जा सकती है। इसके अलावा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत भी कार्रवाई होगी। यह आदेश 19 अगस्त 2026 से प्रभावी होकर नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 की निर्वाचन प्रक्रिया समाप्त होने तक लागू रहेगा। आदेश नगर निगम भीलवाड़ा तथा आसींद, मांडलगढ़, गुलाबपुरा, गंगापुर, शाहपुरा, जहाजपुर, हमीरगढ़, बनेड़ा, बिजौलिया और बीगोद नगर पालिका क्षेत्रों में लागू होगा।

# क्रोध को स्वभाव मान लेना बदलाव की राह रोक देता है : युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी

## 30 उपवास पूर्ण करने पर आज साध्वी सोम्याश्रीजी का श्रीसंघ करेगा अभिनंदन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।





शांतिभवन में चातुर्मास के दौरान आयोजित धर्मसभा में श्रमणसंघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी ने कहा कि जीवन में परिवर्तन की शुरुआत बाहरी परिस्थितियों को बदलने से नहीं, बल्कि स्वयं के मन और दृष्टिकोण को बदलने से होती है। क्रोध को स्वभाव मान लेना व्यक्ति के बदलाव की राह रोक देता है, जबकि दृढ़ संकल्प जीवन की दिशा बदल सकता है।

उन्होंने कहा कि मनुष्य के व्यवहार पर उसकी संगति, वातावरण और विचारों का गहरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए व्यक्ति को यह देखना चाहिए कि वह किन लोगों के साथ चल रहा है और उनकी सोच उसे किस दिशा में ले जा रही है। संयम को सम्यक नियंत्रण बताते हुए उन्होंने कहा कि स्वयं पर नियंत्रण बाहर से थोपा हुआ अनुशासन नहीं, बल्कि भीतर से लिया गया निर्णय है।

क्रोध के प्रसंग में युवाचार्यश्री ने कहा कि सामने वाले की गलती देखने से पहले अपनी गलती को पहचानना जरूरी है। क्रोध कुछ समय के लिए शक्ति का अहसास करा सकता है, लेकिन धीरे-धीरे व्यक्ति के सम्मान और संबंधों को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि क्रोध संस्कार और आदतों से बना संयोग है, इसलिए पुरुषार्थ और संकल्प से इसमें परिवर्तन संभव है।

मोबाइल, टीवी और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर उन्होंने कहा कि दूसरों के दिखावटी जीवन से अपनी तुलना करने पर असंतोष और नकारात्मकता बढ़ती है। स्क्रीन पर दिखाई देने वाला जीवन पूरा सत्य नहीं होता, इसलिए बिना वास्तविकता जाने किसी से अपनी तुलना नहीं करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि गुरु मार्गदर्शन और प्रेरणा दे सकते हैं, लेकिन वास्तविक परिवर्तन व्यक्ति के अपने संकल्प से ही संभव है। अब संकल्प वस्तुओं को पाने का ही नहीं, बल्कि क्रोध कम करने, नकारात्मकता छोड़ने और अपनी भूल स्वीकार करने का भी होना चाहिए।

धर्मसभा में साध्वी संबोधीजी ने महासती अमृतकंवरजी की पुण्य स्मृति दिवस पर उनके जीवन एवं साधना का गुणानुवाद किया। इस दौरान कई तपस्वियों ने उपवास एवं आयंबिल के प्रत्याख्यान ग्रहण किए। 8 उपवास पूर्ण करने वाली सीमा चपलोत का भी बहुमान किया गया।

शांतिभवन आनंद अनुभूति वर्षावास के संयोजक कंवरलाल सूरिया एवं संरक्षक नवरतनमल बंब ने बताया कि शुक्रवार को युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी के सानिध्य में 30 उपवास पूर्ण करने वाली साध्वी सोम्याश्रीजी का श्रीसंघ की ओर से अभिनंदन किया जाएगा।

# सत्ता की बजाय राम को पाकर सुखी होने वाला ही सच्चा दास-आचार्य रामदयालजी महाराज

## दास भक्ति की परकाष्टा है रामभक्ति व सेवा में समर्पित अंजनी पुत्र हनुमान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।





दास वहीं हो सकता जो ये माने कि मैं कुछ भी नहीं हूं जो है वह परमात्मा है। साधक के मन में जब भी ये आता है कि मैं कुछ हूं वहीं उसका पतन प्रारंभ हो जाता है। मैं शब्द हमेशा नुकसान देता है। दास भक्ति कहती है मेरे मालिक, गुरूदेव व परमात्मा सब कुछ है उनके अलावा बाकी सब तुच्छ है।

सम्पूर्ण जीवन रामभक्ति व सेवा में लगा देने वाले अंजनी पुत्र हनुमान जी की भक्ति दास भक्ति की पराकाष्टा है जिन्होंने अपने स्वामी राम के लिए विराट कार्य किए लेकिन कभी अहम या मैं भाव नहीं आया। ये विचार अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के पीठाघीश्वर जगतगुरू आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज ने गुरूवार को ''विश्व शांति कल्याण'' चातुर्मास के तहत दैनिक सत्संग में दास भक्ति की चर्चा करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि आज होड़ की दौड़ में धर्म, संस्कृति, गरिमा सब पीछे जा रहे है, जबकि दास मानता है कि मैं माल लेकर क्या करूंगा मेरे पास तो परमात्मा है। साधक,ज्ञानी ओर दास अपने स्वामी को पाकर जीवन को धन्य मानते है। वह सत्ता पाकर नहीं बल्कि राम को पाकर सुखी होते है ओर यहीं सच्चा दासत्व भाव है। आचार्यश्री ने कहा कि दास हमेशा मानता है कि जीवन में जो सुधरा है वह परमात्मा की कृपा है ओर जो बिगड़ा है वह हमारी कमियों से है। ऐसा भाव जिसमें होता है वह ही दासत्व भाव रखकर प्रभु का दास होता है। हम बिगड़ जाए तो कर्मो को ओर ईश्वर को दोष देकर उनको कोसते है ओर अच्छा होता है तो श्रेय खुद लेना चाहते है। दास के मन में अहम का नहीं बल्कि सेवा व समपर्ण का भाव होता है। आचार्य रामदयालजी महाराज ने कहा कि दास वहीं होता है जो दुःख में धीरज ओर विपति में मति की स्थिरता रखे। दास के जीवन में एक ही भाव होता मैं अपनी अंतिम श्वास तक स्वामी की सेवा में समर्पित रहूं। दास के मन में स्वामी भक्ति के अतिरिक्त अन्य कोई भाव नहीं आता। जीवन की विकृतियां समाप्त करने के लिए जरूरी है कि एक ही संस्कृति जीवन में रहे इसके अलावा कोई दास भाव नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि भगवान के चरणों में सदा दास बनकर रहे। महाभारत युद्ध के समय दुर्योधन ने जब कृष्ण को छोड़ उनकी सेना मांग ली तब भगवान को अपना सारथी बनाने वाले अर्जुन से कहते हैं कि माखन तो दुर्योधन ले गया अब तो छाछ बची है ओर तुम्हारी हार निश्चित लगती है, इस पर अर्जुन जवाब देता है जीत मेरी निश्चित है दास क्यों उदास रहे, माखन लेकर क्या करूं जब मेरे पास माखनचोर स्वयं है। ये प्रसंग बताता है कि दास भक्ति कैसी होती है।

आचार्यश्री से पूर्व अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के प्रखर वक्ता संत मनोरथरामजी आलोट ने मानस पर प्रवचन दिया। प्रवचन के विश्राम पर श्रद्धालुओं द्वारा आचार्यश्री रामदयालजी महाराज की आरती की गई। सत्संग में भीलवाड़ा सहित विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। चातुर्मास में दैनिक सत्संग का समय सुबह 9 से 10 बजे तक है। रामधुनी के साथ सुबह 8.30 से 9 बजे तक वाणीजी का पाठ हो रहा है। सूर्यास्त के समय संध्या आरती एवं रामस्नेही सम्प्रदाय के युवा संत रामजस जी ईडर द्वारा भक्तमाल की कथा में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है।

# दुनिया में सब कुछ कर लेना, लेकिन भाई को कभी नाराज मत करना : आचार्य पुलकसागर

## चारों जैन सम्प्रदायों के संतों से एक मंच पर आकर एकता का संदेश देने का आह्वान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा





राष्ट्र संत आचार्य मनोज्ञाचार्य पुलकसागर महाराज ने कहा कि परिवार में प्रेम और एकता नहीं होगी तो सुविधाओं के बावजूद सुख-शांति नहीं मिल सकती। जीवन में सब कुछ हासिल कर लेना, लेकिन अपने भाई को कभी नाराज मत करना। भाई-भाई के बीच प्रेम बना रहना चाहिए, क्योंकि परिवार में रिश्तों की मजबूती ही सबसे बड़ी पूंजी है।

चित्रकूटधाम में श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट, मैन सेक्टर शास्त्रीनगर के तत्वावधान में सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से आयोजित ज्ञान गंगा महोत्सव में गुरुवार को प्रवचन देते हुए आचार्य पुलकसागर ने कहा कि आज परिवारों में सहनशीलता कम होने से रिश्तों में दूरियां बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता के लिए बच्चों का अलग-अलग रहना सबसे बड़ी पीड़ा है। भाई गलत हो तो भी उसका साथ छोड़ने के बजाय उसे समझाने का प्रयास करना चाहिए। अलग होना आसान है, लेकिन दोबारा जुड़ना कठिन होता है।

आचार्यश्री ने कहा कि भाई-भाई के रिश्ते रावण-विभीषण या बाली-सुग्रीव जैसे नहीं, बल्कि राम-लक्ष्मण-भरत-शत्रुघ्न जैसे होने चाहिए, जहां एक भाई दूसरे के लिए त्याग का उदाहरण बने। उन्होंने संयुक्त परिवारों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज भी कई परिवार प्रेम और एकता के साथ साथ रह रहे हैं। जिन घरों में भाईयों में प्रेम होता है, वहां हर दिन त्योहार जैसा माहौल रहता है।

**जैन एकता का दिया संदेश**

आचार्य पुलकसागर महाराज ने आह्वान किया कि आगामी संवत्सरी या क्षमावाणी पर्व पर जैन समाज के चारों सम्प्रदायों के संत एक मंच पर बैठकर दुनिया को जैन एकता का संदेश दें। उन्होंने कहा कि संतों के एक साथ बैठने से समाज भी एकजुट होगा। उन्होंने छोटे-छोटे अहंकार और मतभेद छोड़कर एकता की दिशा में आगे बढ़ने की आवश्यकता बताई। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस संबंध में अभी कोई औपचारिक निर्णय नहीं हुआ है और चातुर्मास समिति चर्चा के बाद आगे निर्णय करेगी।

उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बातों पर परिवार बिखर रहे हैं। व्यक्ति को याद रखना चाहिए कि कर्म का फल सभी को भोगना पड़ता है। आज मकान और गाड़ियां बड़ी होती जा रही हैं, लेकिन मन छोटा होता जा रहा है। व्यक्ति की पहचान उसके धन से नहीं, बल्कि उसके मन और व्यवहार से होनी चाहिए।

प्रवचन के दौरान दीप प्रज्वलन, पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट का सौभाग्य गुलाबचंद, मनीष एवं नीरज शाह परिवार ने प्राप्त किया। ग्वालियर से आए प्रतिष्ठाचार्य पंडित चन्द्रप्रकाश चन्द्र ने भी आचार्यश्री को श्रीफल भेंट किया। अतिथियों का स्वागत चातुर्मास समिति अध्यक्ष प्रवीण चौधरी, संयोजक मनीष शाह एवं सह संयोजक लोकेश अजमेरा ने किया। केसरकुंज महिला मंडल ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। संचालन महामंत्री जयकुमार पाटनी ने किया।

ज्ञान गंगा महोत्सव में भीलवाड़ा के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। महोत्सव के तहत 30 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह 8:30 से 10 बजे तक चित्रकूटधाम में प्रवचन होंगे।

## QUICK BITES

### बड़लियास में अटल ज्ञान केंद्र भवन का निर्माण शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास ।



मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बड़लियास ग्राम पंचायत में गुरुवार से अटल ज्ञान केंद्र भवन के निर्माण कार्य की शुरुआत हुई। भवन निर्माण के लिए 8 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

इसके साथ ही अटल ज्ञान केंद्र में लाइब्रेरी की स्थापना के लिए 4.50 लाख रुपए की राशि भी स्वीकृत हुई है। लाइब्रेरी शुरू होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों और युवाओं को अध्ययन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध होने की उम्मीद है।

निर्माण कार्य शुरू होने के अवसर पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य दिलीप सिंह, पंचायत सचिव भेरूलाल गुर्जर, अरविंद सिंह, किशन गाडरी, गोपाल खाती, भगवत सिंह, रमेश रेगर, अमरचंद रेगर, कालू बागरिया, जगदीश गुर्जर और बबलू खटीक सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### खेरूना में चार शिक्षकों के भरोसे 310 बच्चे, अभिभावक व ग्रामीणों को 3 दिन का अल्टीमेटम ,रिक्त पद भरने की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़




राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेरूना में शिक्षकों के रिक्त पद विद्यार्थियों की पढ़ाई पर भारी पड़ रहे हैं। कक्षा 1 से 12 तक 310 विद्यार्थियों के लिए महज चार शिक्षक होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग को ज्ञापन देकर जल्द शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल में लंबे समय से शिक्षकों के पद रिक्त हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को कई विषयों की नियमित पढ़ाई का लाभ नहीं मिल पा रहा है। शिक्षकों की कमी के कारण विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है और बच्चों के भविष्य को लेकर अभिभावक चिंतित हैं

**तीन दिन में शिक्षक नहीं लगे तो तालाबंदी**

ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग को तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि निर्धारित अवधि में रिक्त पद नहीं भरे गए तो विद्यालय में तालाबंदी कर आंदोलन शुरू किया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई से समझौता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब देखना होगा कि शिक्षा विभाग ग्रामीणों के अल्टीमेटम पर कितनी जल्दी कार्रवाई करता है

इस दौरान किशन गुर्जर ,एसएमसी सदस्य बनवारी वर्मा, बाबूलाल मीणा, महाराम रेबारी, शंकर रैगर, दीपक कास्ट, कैलाश व्यास, कस्तूर चंद मीणा ,देवलाल गुजर,फूलचंद कंजर सहित ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से रिक्त पद तत्काल भरने की मांग की।

### दिव्यांगजनों के लिए विधायक कोठारी की पहल, 23 को स्नेह मिलन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

विधायक अशोक कुमार कोठारी की ओर से दिव्यांगजनों की समस्याओं के समाधान और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए किए जा रहे प्रयासों से दिव्यांगजनों में उत्साह है। 23 अगस्त को हरि शेवा धाम में शाम 4 बजे आयोजित कार्यकर्ता स्नेह मिलन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन शामिल होकर विधायक के प्रति आभार व्यक्त करेंगे।

दिव्यांग संयोजक पवन लोढ़ा एवं सहसंयोजक अभिषेक जैन के माध्यम से विधायक कार्यालय में प्रतिदिन दोपहर 12:30 से 2 बजे तक दिव्यांगजनों को योजनाओं एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। विधायक कोटे से 105 दिव्यांगजनों को स्कूटर उपलब्ध कराने के साथ अन्य योजनाओं में आ रही समस्याओं के समाधान की पहल भी की गई है।

महात्मा गांधी चिकित्सालय में दिव्यांग हेल्पलाइन स्थापित करने तथा नगर निगम में जन आधार एवं पेंशन संबंधी कार्यों के लिए धरातल पर सुविधा उपलब्ध कराने की पहल की गई है। इसके अलावा दिव्यांगजनों को चुनावों में प्रतिनिधित्व एवं आरक्षण, आवास, भूखंड और कियोस्क जैसी सुविधाएं दिलाने के लिए भी सरकार को अवगत कराया गया है।

युवा समाजसेवी सत्यनारायण गूगड़ ने दिव्यांगजनों से स्नेह मिलन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया।

### लाड़पुरा में महिला कृषक प्रशिक्षण आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



दलहन आत्मनिर्भरता मिशन योजना के तहत ग्राम पंचायत लाड़पुरा में महिला कृषकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में किसानों को दलहन फसलों की उन्नत तकनीक और फसल सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई।

सेवानिवृत्त कृषि पर्यवेक्षक मुनीर मोहम्मद ने उड़द की फसल में येलो मोजेक रोग के लक्षण, बचाव एवं नियंत्रण के उपायों की जानकारी दी। स्थानीय वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक रामेश्वर लाल गुर्जर ने दलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए अपनाई जाने वाली तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया। प्रगतिशील किसान चांदमल माली ने महिला कृषकों को फूलों की खेती की तकनीक, संभावनाओं और इससे होने वाली आय के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण में महिला कृषकों ने कृषि से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।